# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (15.04.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE: 15.04.2025, PAGE-05

# पीजी दाखिले में छात्राएं आगे

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विवि में पीजी दाखिले में छात्राएं आगे रही हैं। विवि ने पीजी दाखिले की रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीजी में 6689 छात्राएं तो 4582 छात्रों ने दाखिला लिया है। पीजी में कुल 11 हजार 271 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि पीजी दाखिले में छात्राओं ने विशेष उत्साह दिखाया है।

बीआरएबीयू में हिंदी और इतिहास में सबसे ज्यादा दाखिले हुए हैं। हिंदी में 721 छात्राओं और 210 छात्रों ने दाखिला लिया है। इतिहास में 796 छात्राओं और 482 छात्रों का नामांकन हुआ है। वहीं, पीजी दाखिले की रिपोर्ट के मुताबिक छात्रों का सबसे ज्यादा दाखिला गणित में हुआ है।

# बीआरएबीयू में इसी हफ्ते होगी नामांकन समिति की बैठक

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में स्नातक में दाखिले को लेकर इसी हफ्ते नामांकन समिति की बैठक होगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन बैठक की तैयारी में जुट गया है। बिहार विद्यालय समिति का इंटर परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद विवि में स्नातक में दाखिले के लिए पोर्टल खोला जाना है। पोर्टल खोलने से पहले नामांकन समिति की बैठक होगी। नामांकन समिति में दाखिले की प्रक्रिया पर चर्चा की जायेगी। नामांकन समिति की बैठक में तय किया जायेगा कि मेरिट लिस्ट कितनी बार जारी की जायेगी।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:15.04.2025, PAGE-04

# विधि के नए पाठ्यक्रम को प्रस्तुत नहीं करने पर की जाएगी कार्रवाई

## संभाग प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगेगा विश्वविद्यालय प्रशासन

- नए पाठ्यक्रम को स्टैच्युटरी बाडी की बैठकों में मंजूरी के लिए नहीं किया गया प्रस्तुत
- बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में विधि कोर्स का संचालन अभी वार्षिक मोड में ही चल रहा



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में लागू होने वाले ला के नए पाठ्यक्रम को विभिन्न स्टैच्युटरी बाडी की बैठकों में मंजूरी के लिए प्रस्तुत नहीं किए जाने के मामले को विश्वविद्यालय ने गंभीरता से लिया है। विभागीय लापरवाही के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अब कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संभाग प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। एलएलबी कोर्स का नया पाठ्यक्रम, आर्डिनेंस और रेगुलेशन को पहले एकेडमिक काउंसिल की बैठक में प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण उसे पहले सिंडिकेट और फिर बाद में सीनेट की बैठक में मंजूरी के लिए प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस कारण सीनेट की बैठक के एजेंडे में उसे शामिल नहीं किए जाने के कारण मंजूरी नहीं ली जा सकी। ऐसे में नए सत्र में सेमेस्टर सिस्टम लागू होने पर संशय उत्पन्न हो गया है। विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2024-25 से ही सेमेस्टर सिस्टम में ला की पढ़ाई शुरू करने का दावा किया गया था। राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में सेमेस्टर सिस्टम के तहत ला कोर्स की पढ़ाई चल रही है, लेकिन बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के ला कोर्स का संचालन अब भी वार्षिक मोड में हो रहा है। दूसरी ओर पिछले दिनों ही बार काउंसिल आफ इंडिया की ओर से ला कोर्स का संचालन सेमेस्टर सिस्टम में किए जाने का निर्देश दिया जा चुका है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पिछले दिनों ला कोर्स के नए पाठ्यक्रम और आर्डिनेंस-रेगुलशन को अंतिम रूप देने के लिए समिति का गठन किया था। करीब 10 महीनों से अधिक समय तक समिति ने अलग - अलग राष्ट्रीय स्तर के ला संस्थानों और बार काउंसिल की गाइडलाइन के आधार पर अपडेट पाठ्यक्रम तैयार करते हुए सेमेस्टर सिस्टम में संचालित होने वाले कोर्स का नया आर्डिनेंस - रेगुलेशन तैयार किया। समिति के स्तर से इसे विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दिया गया। बावजूद पिछले दिनों हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इसे प्रस्तुत नहीं किया जा सका। कुलपति प्रो. डीसी राय ने बताया कि संबंधित संभाग प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

## पीजी थर्ड सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षा आज से

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी थर्ड सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। इसके लिए संबंधित विषयों के विश्वविद्यालय पीजी विभाग में केंद्र बनाया गया है। प्रैक्टिकल परीक्षा 19 अप्रैल तक चलेगी। 21 अप्रैल से 22 मई तक लिखित परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के नए व पुराने परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा विभाग ने एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली नौ - 12 बजे और दूसरी पाली दो से पांच बजे तक होगी। दूसरी ओर टीडीसी स्पेशल पार्ट टू की परीक्षा के लिए फार्म भरा जा रहा है।